


पास्टर टोनी अलामो | द अलामो क्रिश्चियन नेशन | वॉल्यूम 19700

# पूरे ब्रह्माण्ड में सबसे शक्तिशाली स्थिति

**टोनी अलामो**

मैंने एक प्रमाण देखा है जो ईश्वर ने मुझे सौगस (जिसे अब कैनियन कंट्री कहा जाता है), कैलिफोर्निया में एक रात के बारे में दिखाया था। दुनिया को यह बताने के लिए कि हमारे प्रभु और रक्षक, प्रभु यीशु मसीह के प्रमाण की तुलना में मेरी गवाही कितनी क्षुद्र है, उस रात ईश्वर द्वारा मुझे दिए गए संदेश के एक छोटे से भाग को मैं पुन: लिख रहा हूं।

इब्रानियों का अध्याय ग्यारह यीशु की देह से पूर्व के बुजुर्गों के प्रमाण दिखाता है, जिनके साक्ष्यों की भी यीशु के प्रमाणों से तुलना नहीं की जा सकती। मैं इब्रानियों के अध्याय ग्यारह और बारह पर प्रकाश डालूँगा लेकिन उससे पहले मैं प्रभु द्वारा लॉस एंजिल्स काउंटी के कैनियन कंट्री क्षेत्र में मुझे पास्टर बनने के लिए जो चर्च दी है उसके दाईं ओर खड़े ओक के विशाल वृक्ष के बारे में कुछ बात करना चाहता हूँ।

उस रात चर्च लोगों से खचाखच भरी थी और मौसम इतना सुहावना था कि मैं बाहर चर्च के कंक्रीट के बरामदे (पोर्च) पर खड़ा था और उस वृक्ष की प्रशंसा कर रहा था और उस शांत, ठंडे मौसम का आनंद उठा रहा था।

मैंने प्रभु से कहा, "प्रभु, मुझे इस ओक वृक्ष के समान शक्तिशाली बना दो।" मैं आश्चर्यचकित था कि प्रभु ने इतनी जल्दी मुझे जवाब दिया, और उन्होंने जो कहा उसे सुनकर मैं और भी अधिक आश्चर्यचकित था। उन्होंने कहा, "तुम्हें उस ओक के वृक्ष से एक सौ मिलियन गुना अधिक ताकतवर बनना होगा।" असल में मुझे कुछ मिनट के लिए तो विश्वास ही नहीं हो रहा था क्योंकि वह वृक्ष बेहद विशालकाय और बहुत ही अधिक ताकतवर दिख रहा था। दरअसल हमने इसकी शाखाओं पर बैठे हुए अपने दर्जनों लोगों के फोटो लिए थे और उन फोटो को अपनी संगीत और गायन एल्बम के कवर पर चिपकाया था, यह एल्बम कैपिटल रिकार्ड्स, वाइन स्ट्रीट की कैपिटल टावर, हॉलिवुड, कैलिफोर्निया में रिकॉर्ड की गई थी।

इसलिए मैं बहुत खुश हुआ, थोड़ा मुस्कुराया, उसके बाद चर्च में गया, चबूतरे पर चढ़ा और उसके बाद आसन के पीछे गया। फिर मैंने मुस्कुराते हुए चर्च के लोगों को प्रभु द्वारा मुझे अभी-अभी जो कुछ बताया गया था उसके बारे में बताया, यह सुनकर वे ऐसे हँसने लगे मानो कोई मजाक हो। इससे पहले की वे हँसना बंद करते, भवन के बाहर किसी चीज के गिरने और टूटने की जोरदार आवाज आई, जिसने पूरी चर्च और उसके अंदर की सभी चीजों को हिला दिया। कुछ लोग देखने के लिए बाहर खिड़कियों की ओर दौड़े और मैं कह रहा था, "यदि वह वृक्ष गिरा होगा तो क्या यह कोई बात नहीं होगी?" जो बंधु खिड़कियों के बाहर देख रहे थे उन्होंने तत्काल मेरी ओर देखा और कहा, "यह तो वृक्ष गिरा है, यह पार्किंग क्षेत्र में गिरा है और इसकी जड़ें ऊपर की ओर हवा में दिख रही हैं।"

उस समय, मैं और चर्च के सभी लोग यह विश्वास नहीं कर पाए कि स्वर्ग में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को किसी भी सांसारिक अथवा लौकिक वस्तु से एक सौ मिलियन गुना अधिक ताकतवर होना पड़ेगा क्यों कि पवित्र आत्मा की शक्ति में लीन होना, यीशु में लीन होना, पूरे ब्रह्माण्ड में सबसे अधिक शक्तिशाली स्थिति है। इसलिए ईश्वर ने पूरी दुनिया और इसकी समस्त शक्ति का प्रतीक होने के लिए इस पेड़ को बनाया है। पवित्र आत्मा द्वारा यीशु को छोड़कर पूरे ब्रह्माण्ड में ऐसी कोई चीज नहीं है जो हमें स्वर्ग में स्थान दिला सके (युहन्ना 10:9, 14:6, प्रेरितों के काम 4:12)।

मेरी पत्नी सू और मेरी शादी पूरी तरह प्रभु के अनुसार है क्योंकि हम दोनों का अपनी शादी के प्रति बहुत ही स्पष्ट विज़न था। यह विज़न बहुत अधिक अलौकिक और स्पष्ट रंग का था। सूसी हमारे विज़न से 25 वर्ष पहले रक्षित हो चुकी थी और मेरी रक्षा कुछ महीने पहले ही हुई थी। मैं 30 वर्ष का था और सू 39 वर्ष की थी। मेरे विज़न के दिन सुबह

(पृष्ठ 2 पर जारी)



यह इस लेख में उल्लिखित विशाल वृक्ष है और ये उन लाखों आत्माओं में से कुछेक आत्माएँ हैं जो टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज द्वारा प्रभु के लिए जीती गई हैं।

# पूरे ब्रह्माण्ड मे सबसे शक्तिशाली स्थिति

(पृष्ठ 1 से जारी)

और मेरे विज़न से ठीक पहले मैं लिविंग रूम में गहरी नींद सो रहा था जबकि बाइबल के कुछ छात्र भी रूम में थे। स्वप्न में मैंने देखा कि मैं लिविंग रूम में आता हूँ, अपने घुटनों पर झुकता हूँ और सू के होठों पर चुम्बन करता हूँ। वह मेरी बाइबल अध्यापिका थी। मैंने सोचा कि मैंने कोई बुरा सपना देखा है, इसलिए मैंने स्वयंको ऊपर की ओर उठाया (मैं चेहरे के बल लेटा था) और यह कहते हुए चिल्लाया, “नहीं ईश्वर! वह मेरी बाइबल अध्यापिका है!” मैंने स्वर्ग से दो सुनहरे पाइप अपनी छाती तक आते देखे और मेरी आवाज दाएँ पाइप से ऊपर जा रही थी, और मैं कह रहा था, “नहीं प्रभु! उसकी रक्षा मुझसे काफी पहले हो चुकी है और वह मुझसे अधिक जानती है; वह मुझसे कहीं अधिक समझदार है।” प्रभु ने दूसरे पाइप के माध्यम से स्वर्ग से मुझे जवाब दिया और कहा, “यह तुम्हारे अहम के लिए अच्छा है।”

मैंने ईश्वर से बहुत अधिक प्रश्न पूछने शुरू किए, वे मेरे भीतर से मशीनगन की तरह बाहर निकल रहे थे और उसके बाद दाईं ओर की पाइप से होते हुए ईश्वर तक पहुँच रहे थे। ईश्वर से उतनी ही तेजी से जवाब मिलने शुरू हो गए, यह ऐसा था जैसे उत्तर किसी फॉयर हौज से आ रहे हों और मुझे भविष्य की जानकारियाँ दे रहे थे।

उसके कुछ समय बाद ही सूसी को स्तन कैंसर हो गया। मैं स्ट्रीट (हॉलीवुड बुलवर्ड) जाता और लोगों को सुसमाचार (गोस्पेल) सुनने के लिए आने को कहता। सूसी द्वारा उन्हें सुसमाचार का प्रवचन दिए जाने से पहले, मैं उन्हें बताता था कि ईश्वर ने मुझ से वेवर्ली हिल्स में एक अटॉर्नी के ऑफिस में किस प्रकार बेहद अलौकिक ढंग से संपर्क किया था।

ईश्वर द्वारा हमें आपस में एक-दूसरे को सौंपे जाने से पहले, मैंने स्वर्ग और नरक के स्वप्न और अनेक लोगों के नरक जाने का विजन देखा था। जब सूसी छोटी सी लड़की थी तो उन्होंने भी स्वर्ग और नरक के स्वामी के सपने देखे थे। जब वह नौ वर्ष की थी तो प्रभु की कृपा से उसकी तपेदिक ठीक हो गई थी। जब हमें मिनिस्ट्री में रहते हुए सत्रह वर्ष हो गए, सूसी प्रभु के पास रहने के लिए चली गई। लेकिन जाने से पहले उन्होंने सत्रह वर्षों तक ऐसे घिनौने झूठे आरोपों को सहन किया जिनकी आपने कभी कल्पना भी न की होगी। हम प्रभु के लिए हजारों आत्माएँ जीत रहे थे और हमें कई बार जेल में डाला गया। हमने प्रभु के लिए जिन लोगों को जीता उनमें से कई लोग प्रभु से दूर हो गए, जैसाकि बाइबल कई पुस्तकों में कहती है कि वे दूर हट जाएँगे, ऐसा 2 थिस्सलुनीकियों 2:3 में भी कहा गया है।

सू की मृत्यु के तत्काल बाद, लेबर डिपार्टमेंट मुझे लिटिल रॉक, अरकंसास के न्यायालय में ले गया। मुझे सूसी की मौत का शोक मनाने का समय भी नहीं दिया गया और मैं उन्हें प्रभु को छोड़कर पृथ्वी पर मौजूद सभी चीजों से अधिक प्यार करता था। वह मेरी संपूर्ण जीवनसाथी थी, बेहद बुद्धिमान और ईश्वर में विश्वास रखने वाली थी। मेरा दिल टुकड़े-टुकड़े हो गया और अभी भी टूटा हुआ है। रेमंड जे. डोनोवन, जो उस समय डिपार्टमेंट ऑफ लेबर के अध्यक्ष थे, मुझ पर उन सभी लोगों के लिए पेरोल चैक लिखने का दबाव डाल रहे थे जिन्हे हमने प्रभु के लिए जीता था। उनमें से ज्यादातर पहले हिप्पी और नसेड़ी रह चुके थे, उन लोगों को हमने अनेक अपराधों से मुक्त कराकर मोक्ष का मार्ग दिखाया था। हमने उन लोगों के लिए घर, चर्च, स्कूल, कैफेटेरिया और अपार्टमेंट हाउस बनाए थे। हमने उन्हें फर्नीचर दिया और हम उनकी दैनिक जीवन की उपयोग की वस्तुओं के लिए भुगतान करते थे और हम उनकी बीमारियों की दवाओं के बिल और बच्चे के जन्म के खर्चे के बिलों का भुगतान करते थे।

हम बारह-राज्यों के क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ रेस्टॉरेंट से खाना और दुनिया के सर्वोत्तम स्टोर से कपड़े मुहैया कराते थे। यह स्टोर बड़े मूवी स्टार्स और सभी प्रकार के उद्यमियों के लिए कपड़े मुहैया कराता था। इसने टी.वी. प्रोग्राम डलास और अनेक फिल्मों जैसे अर्बन काउबॉय के स्टार्स के लिए कपड़े मुहैया कराए। हमने लुसिले बॉल, मिसेज डगलस मैकआर्थर, लैरी हैंगमैन, एल्विस प्रेस्ली, पोर्टर वैगनर, हैंक स्नो, रोनी मिलसैप, मिस्टर टी, हल्क होगन, सोनी और मैरी बोनो, बीटल्स, मेल टिलिस, जॉर्ज जोन्स, जैकलिन कैनेडी ओनासिस, ब्रुक शील्ड्स, बोनो, रॉड स्टीगर, और हजारों अन्य लोग जिनके नाम का उल्लेख करना संभव नहीं है, को कपड़े पहनाए। हमारी चर्च के सदस्यों को जिनमें से अधिकतर पहले हिप्पी थे, इसी शानदार स्टोर से कपड़े मुहैया कराए जाते थे, जिसे आई.आर.एस. ने झूठे आरोपों के आधार पर बंद कर दिया।

मुझे कर चोरी के लिए छह वर्ष के लिए जेल भेजा गया; हालाँकि हमें कर अदा करने से छूट दी गई थी क्योंकि स्टोर और रेस्टॉरेंट से प्राप्त होने वाली पूरी आय दुनिया भर में सुसमाचार को बढ़ावा देने और जिन लोगों को ड्रग लेने से बचाया गया था और जिन्हे सभी प्रकार के अपराधों से बचाया गया था, उनके लिए खर्च की जाती थी। हमें 501 (सी) (3) के तहत छूट मिली हुई थी। हम अपने सुसमाचार टी.वी. और रेडियो प्रोग्राम के लिए भी भुगतान करते थे जिनका हमने कपड़े के स्टोर, रेस्टॉरेंट, फार्म और गैस स्टोशनों से प्राप्त आय की मदद से कई वर्षों तक प्रसारण किया।

हर्ब ईलिंगवुड रोनाल्ड रीगन के अटॉर्नी थे। गवर्नर रीगन ने मिस्टर ईलिंगवुड को हमारे द्वारा लॉस एंजिल्स में नशीली दवाओं की समस्या की सफाई के लिए हमारी सराहना करने के लिए और वाट्स दंगों के दौरान लॉस एंजिल्स को जलाए जाने से बचाने के लिए हमारे चर्च भेजा था।

जब गवर्नर रीगन राष्ट्र पति बने तो मिस्टर ईलिंगवुड तब भी उनके एटॉर्नी थे। मैंने मिस्टर ईलिंगवुड को बताया कि डिपार्टमेंट ऑफ लेबर चाहता है कि हम हिप्पियों को जो सुविधाएँ दे रहे हैं उन सब के अलावा उन्हें चैक भी काट कर दें। उन्होंने कहा कि सुबह जब वे राष्ट्रपति के साथ नाश्ता करेंगे तो उनके सामने सब कुछ स्पष्ट कर देंगे।

कुछ अरकंसास रेडियो स्टेशन अर्ली ब्रदर्स का रिकार्ड, “वेक अप लिटिल सूसी” चलाकर मेरी दिवंगत पत्नी का मजाक उड़ा रहे थे। वे कह रहे थे कि वह वास्तव में मरी नहीं है, हम झूठ ही ऐसा कह रहे हैं, यह एक घोटाला है। वे हँस रहे थे और मजाक उड़ा रहे थे। वे यह भी कह रहे थे कि हमारे पास वर्षों से बंदूकें हैं, लेकिन हम तो अपनी चर्च की पॉपर्टी में टॉयगन रखने की भी अनुमति नहीं देते हैं।

अगली सुबह हर्ब ईलिंगवुड ने मुझे फोन किया और बताया कि राष्ट्रपति ने कहा है कि उनके हाथ बँधे हैं; वे कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने मुझे कहा, “रूनी ने कहा, ‘आप (टोनी) मुझसे भी अधिक काम कर सकते हो। अच्छा काम करना जारी रखें।’”

आई.आर.एस. और फेडरल जज मोरिस आर्नोल्ड हमारी चर्च की पॉपर्टी में आए जो हमने उन बहुत अच्छे ईसाई लोगों को दे रखी थी जिन्होंने इस मिनिस्ट्री में बीस वर्ष अथवा उससे भी अधिक समय तक अपनी समर्पित सेवाएँ दी हैं। वे बहुत ही सुंदर घर थे जो बंधुओं और बहनों ने एक दूसरे के लिए बनाए थे (उन्होंने इन मकानों को अपने लिए बनाया था, न की सरकार के लिए, मेरे लिए तो बिल्कुल भी नहीं)। आई.आर.एस., बी.ए.टी.एफ, एफ.बी.आई., डिपार्टमेंट ऑफ लेबर और अन्य “कानून प्रवर्तन” एजेंसियों ने हमारे सभी लोगों को बंदूक की नोक पर उनके घरों से बाहर निकाल दिया, और सर्दी, बर्फबारी और बर्फ के बीच सभी उन्हें उनके बच्चों के साथ सड़क पर ले आए। ईश्वर द्वारा उन्हें बचाए जाने, नशीली दवाओं की दुनिया छोड़ने, अपराध छोड़ने, और बंदूक, चाकू और बम छोड़कर हाथ में बाइबल लेने के लिए यह उनके लिए प्रभु का पुरस्कार था।

वेस्ट हॉलीवुड शेरिफ्ज डिपार्टमेंट ने सनसेट स्ट्रिप के समीप वेस्ट हॉलीवुड में क्रीसेंट हाइट्स बुलवर्ड स्थित हमारी चर्च पर प्रतिदिन निरंतर छापे मारे। उन्होंने हमारे प्रार्थना कक्ष में आँसू गैस के गोले फेंके और दरवाजे बंद कर दिए ताकि प्रार्थना कर रहे लोग बाहर न निकल सकें।

उन्होंने हमारे लोगों को पीटा और उन्हें जेल में डाल दिया क्योंकि सनसेट स्ट्रिप के स्ट्रिप क्लब, न्यूडिटी बार और स्किन फिलिक्स दिखाने वाले थियेटर के मालिकों द्वारा डिप्टियों को भुगतान किया जाता था। यह सब इसलिए हो रहा था क्योंकि प्रभु नशे के आदी बहुत अधिक लोगों को परिवर्तित कर रहे थे और उन्हें अपराध की दुनिया से बाहर निकाल रहे थे।

अंत में, वेस्ट हॉलीवुड के एक जज ने कहा कि हम जन समस्या हैं और हमें उस क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए। सू और मैं कैनियन कंट्री गए और ऐसे रेस्टॉरेंट को खरीदा जो वर्षों से बंद पड़ा था। वह रेस्टॉरेंट हमारी चर्च बन गया। हमने चर्च के साथ लगती एक बाइकर बार को भी खरीद लिया और इसे एक ब्रदर्ज ड्रोम बना दिया। हमारे लोग शादियाँ कर रहे थे और उनके बच्चे होने लगे, तो हमने जंक्शन के समीप दो अपार्टमेंट हाउस खरीद लिए और उनके लिए हमने बंधुओं द्वारा बेकर्सफील्ड में खेती श्रमिकों के रूप में कमाए गए धन से भुगतान किया।

सरकार ने अरकंसास और टेनेसी में उनकी पूरी संपत्ति को चुरा लिया, और उन्होंने नैशविले में हमारे घर को जला दिया, जो ओक हिल में लेलैंड और टाइन के कोने पर स्थित था। उन्होंने हमारे रेस्टॉरेंट, तीन गैस स्टेशनों और हमारे फार्म को बंद कर दिया, जिन्हे हमारे बंधु यूनियन टाउन में संचालित करते थे। उन्होंने नैशविले में म्यूजिक रो स्थित हमारे चर्च को बेच दिया, और टेनेसी, अरकंसास, टेक्सास, और ओकलाहामा में सभी बंधुओं और बहनों की संपत्तियों को भी बेच दिया। उन्होंने इसे कौड़ियों के भाव बेचा। हम पर भी बाल शोषण के झूठे आरोप लगाए गए। फोर्ट स्मिथ, अरकंसास के फेडरल जज मॉरिस अर्नोल्ड ने, जो कि अब सेंट लुइस, मिसौरी में (आठवें सर्किट में) हैं, ने कहा कि लोगों की पूरी संपत्ति मेरी, मेरे अन्तरंग मित्रों की थी। उन्होंने यह भी कहा कि हम कम्युनिस्ट, "पिंको" थे।

मैं आई.आर.एस. के मनगढ़ंत मामले में चार साल में जेल से छूटा (अच्छे व्यवहार की वजह से दो साल की छूट दी गई)।

जज मॉरिस अर्नोल्ड ने कहा कि मैं उनका अपहरण करना चाहता था और उन्हें मारना चाहता था। भगवान का शुक्र है कि मैं 12 सितंबर 1991 को उस मामले में जीत गया। फेडरल जज मिलर परिवार (अपराधियों) के साथ मिल गए, जिनकी हमने कई वर्षों तक मदद की और जिन्होंने हमारी चर्च से कई सौ हजार डॉलर चुरा लिए थे। वे माल की ढुलाई के लिए हमारे ट्रकों का इस्तेमाल करते थे और चर्च के धन को अपने स्वयं के बैंक एकाउण्ट में जमा कराते थे। जज आर्नोल्ड ने उन्हें अपने चैम्बर में बुलाया और उनसे कहा, "मेरे पास एक योजना है। हम कह देंगे कि टोनी अलेमो की पूरी संपत्ति चर्च के लोगों के लिए नहीं है, बल्कि यह सब उसके उसके अन्तरंग मित्र के लिए है, हम सारी संपत्ति आपको और आपके अटॉर्नी, पिट्सबर्ग, पेन्सिलवेनिया के पीटर जॉर्जियाडेस को दे देंगे।"

इस समय तक मैं यह जानने लग गया था कि ईश्वर ने जब ये कहा था कि मुझे उस बड़े ओक वृक्ष से एक सौ मिलियन गुना अधिक ताकतवर बनने बनने की आवश्यकता है तो उनका क्या तात्पर्य था। किसी भी व्यक्ति का उस ओक वृक्ष से एक सौ मिलियन गुना अधिक ताकतवर होने का एकमात्र तरीका था पवित्र आत्मा के साथ प्रभु की शरण में होना। और यदि आप प्रभु की शरण में रहते हैं, तो आप न केवल उस ओक वृक्ष से एक सौ मिलियन गुना अधिक ताकतवर होंगे बल्कि आप पूरी एक-दुनिया सरकार से भी एक सौ मिलियन गुना अधिक ताकतवर होंगे, क्योंकि ईश्वर इस पूरे ब्रह्माण्ड से सैकड़ों मिलियन गुना अधिक ताकतवर है। लेकिन एक-दुनिया सरकार अभी भी ऐसा नहीं सोचती है, क्योंकि वे हर जगह: लॉस एंजिल्स, अरकंसास, टेनेसी, और प्रत्येक जगह एफ.बी.आई., बी.ए.टी.एफ., आई.आर.एस., डिपार्टमेंट ऑफ लेबर, और अन्य "कानून प्रवर्तन" एजेंसियों के सौ अथवा अधिक सदस्यों के साथ प्रभु की चर्चों पर छापे मारते रहते हैं। उन्होंने चर्चों के बंधुओं और बहनों के छोटे-छोटे बच्चों को यह देखने के लिए कपड़े उतरवाए कि उनका बाल शोषण तो नहीं हो रहा है, और ऐसा कभी भी नहीं हुआ था।

छह वर्ष पहले शैतानी शक्तियों ने कहा कि मैं कम उम्र की बच्चियों के साथ यौन संबंध बना रहा था, जो कि नि:संदेह एक झूठ है। मैंने कभी भी किसी कम उम्र की महिला के साथ यौन संबंध नहीं बनाए। इसके बावजूद उन्होंने मुझे फेडरल जेल में 175 वर्षों तक रहने की सजा सुनाई। उन्होंने तीन महिलाओं को काफी अधिक धन दिया। प्रत्येक महिला को 100,000.00 डॉलर मिले। अब वे अपने लिए कई मिलियन धन बनाने के लिए पूरी ईसाई संपत्ति को हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। शैतान के झूठ पर हजारों बुराइयाँ हम पर थोपी जा रही हैं, उनकी संख्या इतनी अधिक है कि मैं उन सभी का इस साहित्य में उल्लेख नहीं कर पाऊँगा। हालाँकि, जैसाकि मैंने इस साहित्य में पहले भी कहा है, बंधुओं और बहनों ने और मैंने हमारे प्रभु और रक्षक यीशु मसीह की तुलना में बहुत ही कम अत्याचार सहे हैं।

इब्रानियों का अध्याय 11 हमें बताता है कि कितने लोग विश्वास की वजह से बहुत अधिक यंत्रणाओं और अत्याचार को सहने में समर्थ रहे थे। छंद (वर्सेज) 1-3 में कहा गया है, "अब विश्वास आशा की वस्तुओं का निश्चय और अनदेखी वस्तुओं का प्रमाण है। क्योंकि इसी के विषय में पुराने जमाने के लोगों को अच्छी गवाही प्राप्त हुई। विश्वास ही से हम जान जाते हैं कि सारी सृष्टि की रचना परमेश्वर के वचन के द्वारा हुई है। यह नहीं कि जो कुछ देखने में आता है, वह देखी हुई वस्तुओं से बना हो।"

इब्रानियों के ग्यारहवें अध्याय की वर्सेज 32-40 में लिखा है, "अब मैं और क्या कहूँ? क्योंकि इतना समय नहीं है कि मैं गिदोन, और बराक और सैमसन, और यिफतह; और दाऊद का और शमुएल का और भविष्यवक्ताओं का वर्णन करूँ: जिन्होंने विश्वास से राज्य जीते, धर्म के काम किए, प्रतिज्ञा की हुई वस्तुएँ पाई, सिंहों के मुँह बंद किए, हिंसा की आग को ठंडा किया, तलवार की धार से बच निकले, निर्बलता में बलवन्त हुए लड़ाई में वीर निकले, विदेशियों की फोजों को मार भगाया। स्त्रियों ने अपने मरे हुए प्रियजनों को फिर से जीवित पाया: और अन्य लोगों को यातनाएँ दी गई, लेकिन उन्होंने मुक्ति स्वीकार नहीं की; ताकि वे बेहतर पुनरुत्थान के भागी हो सकें: कई लोगों के मजाक उड़ाए गए, उन्हें कोड़े मारे गए, बाँधा गया और कैद में डाला गया: उन्हें पत्थर मारे गए, आरे से चीरा गया, उनकी परीक्षा ली गई, उन्हें तलवार से मारा गया, वे कंगाली और क्लेश में और दु:खों को भोगते हुए भेड़ों और बकरियों की खालें ओढ़े हुए इधर-उधर मारे-मारे फिरते रहे; (उनके

(पृष्ठ 4 पर जारी)

## भाषा (स्पीकिंग इन लैंग्वेजेज) की व्याख्या, सुसान अलामो जनवरी 1, 1973

हाँ, मैं तुमसे कहता हूँ, तुम्हारे साथ न्याय किया जाएगा। तुम्हे जीवित परमेश्वर की आत्मा बुद्धि, ज्ञान, और समझ के रूप में दी गई है। हाँ, मैं प्रभु तुम्हारा ईश्वर, तुम्हे अंधेरे से निकाल कर अपने अनन्त, चिरस्थाई जीवन में ले आया हूँ। मैंने तुम्हे सबसे ऊँचे पहाड़ पर बैठा दिया है। मैंने तुम्हारे चारों ओर आग की एक दीवार बना दी है। मैंने तुम्हे उसके अंदर सुरक्षित बैठा दिया है। लेकिन उस दीवार के चारों ओर शत्रु तैनात हैं। हाँ, वे हमारे बीच भी मौजूद हैं। भयभीत न हों। यदि तुम मुझ पर भरोसा करोगे और केवल मुझ से सहायता माँगोगे, तो मेरे बच्चे मैं तुम्हे वहाँ से अनन्त जल में ले चलूँगा। मैं तुम्हे चिरस्थाई जीवन में ले चलूँगा। क्योंकि , मैं तुम्हारा ईश्वर तुम्हारे साथ हूँ।

## पूरे ब्रह्माण्ड मे सबसे शक्तिशाली स्थिति

(पृष्ठ 3 से जारी)

लिए संसार उपयुक्त नहीं था) वे मरुस्थलों और पहाड़ों में और गुफाओं और कंदराओं में भटकते फिरे। उन सभी को निष्ठा से ही अच्छी गवाही मिली, तब भी उन्हें वादा की हुई वस्तु नहीं मिली: क्योंकि ईश्वर ने हमें कुछ बेहतर वस्तु प्रदान कर रखी है, कि वे हमारे बिना संपूर्णता को प्राप्त न करें।"

इब्रानियों के अध्याय 12 में जारी रखा गया है, "इस कारण जबकि गवाहों का ऐसा बड़ा बादल हम को घेरे हुए है, तो आओ हर एक बाधक वस्तु और उलझाने वाले पाप को दूर करके, वह दौड़ जिसमें हमें दौड़ना है, धीरज के साथ दौड़ें, विश्वास पैदा करने और सिद्ध करने वाले यीशु की ओर ताकते रहें; जिसने उस आनन्द के लिए जो उनके समक्ष रखा था, लज्जा का तिरस्कार करते हुए, क्रूस का दुःख सहा और सिंहासन पर परमेश्वर के दाईं ओर जा बैठा। इसलिए उसका ध्यान करो जिसने अपने विरोध में पापियों का इतना वाद-विवाद सहा कि तुम निराश होकर न बैठ जाओ। तुमने पाप से लड़ते हुए उससे ऐसी मुठभेड़ नहीं की कि तुम्हारा लहू बहा हो [जैसाकि यीशु ने किया था]। और तुम उस उपदेश को भूल गए हो जो तुम्हे पुत्रों की भाँति दिया गया था, हे मेरे पुत्र, प्रभु की सजा को हल्की बात न समझ, जब वह तुझे फटकार लगाए तो उदास न हो: क्योंकि प्रभु, जिससे प्रेम करता है केवल उसीको वह अनुशासित (दण्डित) भी करता है, और जिसे अपना पुत्र बना लेता है उसे कोड़े भी लगाता है। तुम दुःख को डाँट समझ कर सह लो, ईश्वर अपना पुत्र समझकर तुम्हारे साथ बर्ताव करता है, वह कौन सा पुत्र है जिसे पिता नहीं डाँटता? जो डाँट सभी को लगती है तुम्हे नहीं लगी तो तुम पुत्र नहीं हो अपितु नाजायज सन्तान [बिना पिता की औलाद] हो। इसके अलावा हमारे शारीरिक पिता भी हमारी गलतियों पर डाँट लगाते थे, हम उनका सम्मान करते थे: तो क्या हमें आत्मिक पिता के और अधिक अधीन नहीं रहना चाहिए? वे तो अपनी समझ के अनुसार थोड़े दिन डाँट लगाते थे; लेकिन ये तो हमारे लाभ के लिए डाँट लगाते हैं ताकि हम उनकी पवित्रता के भागी हो जाएँ।"

"और वर्तमान में हर प्रकार की डाँट आनन्द की नहीं, बल्कि शोक की ही बात दिखाई पड़ती है: हालाँकि, जिन्होंने उन्हें सहन करने का अनुभव ले लिया है, उन्हें बाद में चैन के साथ धर्म का प्रतिफल मिलता है। इसलिए ढीले हाथों और निर्बल घुटनों को सीधा करो; अपने पैरों के लिए सीधे मार्ग बनाओ, ताकि जो लँगड़ा है वह भटक न जाए बल्कि भला चंगा हो जाए। सभी मनुष्यों और पवित्रता के साथ शांति का अनुसरण करें, जिसके बिना कोई भी व्यक्ति प्रभु को नहीं देख पाएगा: ध्यान से देखते रहो, ऐसा न हो कि कोई ईश्वर के अनुग्रह से वंचित रह जाए; या कोई कड़वी जड़ फूटकर कष्ट दे, और उसके द्वारा बहुत से लोग अशुद्ध हो जाएँ; ऐसा न हो कि कोई जन व्यभिचारी या एसाव की तरह अधर्मी हो जिसने एक बार के भोजन के बदले अपने जन्मसिद्ध अधिकार बेच डाले। तुम जानते हो कि बाद में उसने जब आशीर्वाद पाना चाहा तो उसे अस्वीकार कर दिया गया: आँसू बहाने के बावजूद उसे पश्चाताप का अवसर नहीं मिला।

"तुम उस पहाड़ के पास नहीं आए जिसे छूआ जा सकता था, जो आग से प्रज्वलित था, और न ही तुम उस काली घटा, अंधकार, आँधी और तुरही की ध्वनि के पास आए;[1] जिसके सुननेवालों ने विनती की कि अब हमसे और बातें न की जाएँ: (क्योंकि वे दी गई आज्ञा पर नहीं टिके रहे कि यदि कोई पशु भी पहाड़ को छुए तो उसे पत्थर मारे जाएँ अथवा भाला मारा जाए: दृश्य इतना भयानक था कि मूसा ने कहा, मुझे बहुत अधिक डर लग रहा है और मैं काँप रहा हूँ:) लेकिन तुम सिय्योन के पहाड़ के पास, जीवित ईश्वर के शहर के पास, स्वर्गिक यरूशलेम के पास आ गए, असंख्य स्वर्ग दूतों और उन पहले जन्मे लोगों की साधारण सभा के पास आ गए हो जिनके नाम स्वर्ग में लिखे हैं, और सब के न्याय कर्ता ईश्वर के पास और सिद्ध किए हुए धर्मियों की आत्माओं के पास आ गए हो, नई वाचा के मध्यस्थ यीशु [यीशु ने इतना कष्ट सहन किया जितना हम सबने मिलकर भी नहीं किया, बिना किसी पाप के, बिना फुसफुसाहट के।[2] इसलिए वह हमारे मध्यस्थ बनने के लिए सबसे अधिक उपयुक्त है[3] ] और लहू के उस छिड़काव के पास आए हो जो हाबिल के लहू की तुलना में उत्तम बातें कहता है [यीशु का लहू हमारे सभी पापों को धो देता है, इसलिए हमें दुबारा पाप नहीं करना है; जाओ और अब पाप न करो,[4] कभी शिकायत न करो, कभी फुसफुसाहट मत करो, क्योंकि हमें स्वर्ग में शाश्वत , हमेशा के लिए स्वर्ग में स्थान दिया गया है।[5]]

"सावधान रहो, और उस [ईश्वर ] कहने वाले से मुँह न फेरो [यीशु की आज्ञा स्वीकारने के इच्छुक रहो, क्योंकि उन्होंने हमें यह शाश्वत जीवन जो कुछ वे कहते हैं, जो आज्ञा वे देते हैं उसे स्वीकार करने के लिए दिया है न कि अस्वीकार करने के लिए।[6] क्योंकि वे कहते हैं, 'जो यह कहता है कि मैं उसे जानता हूँ और वह उसकी आज्ञाओं का पालन नहीं करता है, वह झूठा है, और उसमें सच्चाई नहीं है' (1 युहन्ना 2:4)। 'यदि हम कष्ट सहते हैं, तो हम उसके साथ राज्य भी करेंगे: यदि हम उनको अस्वीकार करेंगे तो वे भी हमारा त्याग कर देंगे' (2 तीमुथियुस 2:12)। यीशु ने मत्ती 10:33 में कहा है, परन्तु जो कोई मनुष्यों के सामने मुझे अस्वीकार करेगा मैं भी उसे अपने स्वर्ग में रहने वाले पिता के सामने अस्वीकार कर दूँगा']।

"क्योंकि वे लोग जब पृथ्वी पर चेतावनी देने वाले से मुँह मोड़कर न बच सके तो हम स्वर्ग पर से चेतावनी देने वाले से मुँह मोड़कर कैसे बचेंगे: उस समय उसके वचन ने पृथ्वी को हिला दिया: अब उसने यह प्रतिज्ञा की है कि एक बार फिर मैं केवल पृथ्वी को नहीं बल्कि आकाश को भी हिला दूँगा। यह वाक्य एक बार फिर से यह बात दर्शाता है कि जो वस्तुएँ हिलाई जाती हैं वे बनाई हुई वस्तुएँ होने के कारण टल जाएँगी ताकि जो वस्तुएँ हिलाई नहीं जाती हैं वे अटल बनी रहें [यदि, क्योंकि परीक्षा और पीड़ाओं की वजह से आप यीशु और उसकी आज्ञाओं का पालन करने से हिल जाते हैं, तब तुम आध्यात्मिक रूप से इतने कमजोर और भ्रष्ट हो जाओगे कि तुम स्वर्ग में प्रवेश नहीं कर पाओगे, इस प्रकार तुम अनन्त काल तक नरक, उसके बाद आग की झील में तीव्र और अकथनीय कष्ट सहोगे (प्रकाशितवा 20:15 21:8, 27)। ऐसा मैं नहीं कहता; ईश्वर ने कहा, है। मैं तो केवल उपदेश दे रहा हूँ]। "इस कारण हम इस राज्य को पाकर जिसे हिलाया नहीं जा सकता, उस अनुग्रह को प्राप्त करें [आध्यात्मिक शक्ति, जो किसी भी ओक वृक्ष से एक सौ मिलियन गुना अधिक शक्तिशाली है], जिसके द्वारा हम भक्ति और भय सहित, परमेश्वर की ऐसी आराधना कर सकते हैं जिससे वह प्रसन्न होगा ['प्रभु का भय मानना बुद्धि का आरंभ है' (नीतिवचन 9:10)। 'प्रभु का भय मानना यही बुद्धि है; और बुराई से दूर रहना यही समझ है' (अय्यूब 28:28)। 'पवित्र का ज्ञान ही समझ है' (नीतिवचन 9:10)।]: क्योंकि हमारा ईश्वर भस्म करने वाली आग है" (इब्रानियों 12:1 -29)।

यदि हम मुकदमों, अत्याचारों और उत्पीड़न की शिकायत करना शुरू करते हैं, जिन्हे हमें आत्मा (स्पिरिट) में विजेता रहने के लिए अवश्य सहन करना चाहिए और इनमें से किसी एक दिन स्वर्ग में प्रवेश करने में सक्षम होना चाहिए, तो इसका तात्पर्य है कि हमारा पतन होने का खतरा है। इसलिए बड़बड़ाना और शिकायत करना गंभीर रूप से गलत है। यह स्वयं के प्रति शर्मिन्दा अनुभव करने की शुरूआत है, मिट्टी का पात्र अथवा मांस, जिसमें हमारी आत्मा वास करती है, यह सोचने लगता है कि उसके पास ईश्वर के मेमने, जो कि हमारा प्रभु और रक्षक है, से

**1** निर्गमन 19:16-19 **2** यशायाह 42:1-4, 52:14, अध्याय 53, मत्ती 26:38-45, 62-64, 27:11-50, युहन्ना 12:23-33, फिलिप्पियों 2:8, 14-15, इब्रानियों **4:15** **3** 1 तीमुथियुस 2:5-6, इब्रानियों 8:1-6, 9:11-26 **4** युहन्ना 5:14, 8:11, रोमियों 6:1-7, 1 युहन्ना 3:6-10 **5** यशायाह 64:4, रोमियों 8:17-18, 1 कुरिन्थियों 10:10-11, इफिसियों 1:3-14, 2:4-7, फिलिप्पियों 2:14-16 **6** गिनती 14:26–3 8, 1 शमूएल 1, 5:22-23, रोमियों 1:5-6, 6:1, 6, 12:1, 2, 2 कुरिन्थियों 10:3, 6, इब्रानियों 3:7-15, 1 युहन्ना 2:1-7

दूर हटने का अधिकार है। यह हमारी आत्मा के लिए शाश्वत रूप से खतरनाक है। यह आध्यात्मिक रूप से ग्रांड कैनियन के ऊपर एक तार पर चलने के समान है। सिद्धान्त की दुष्ट हवा का एक झोंका आपको तार से दूर फेंक सकता है और आपको सँभालने के लिए कोई जाल भी नहीं लगा है। नरक और आग की झील में रहना और भी अधिक बुरा है, लेकिन जब कड़वाहट की जड़ें हमारी आत्माओं पर पकड़ बनाती हैं और चूँकि हम स्वयं के बारे में शर्मिन्दा अनुभव करने लगते हैं इसलिए हम दूषित हो जाते हैं, मुकदमों और अत्याचारों के बारे में बड़बड़ाने लगते हैं और शिकायत करने लगते हैं तब ऐसा ही होता है। हम जिन भी परिस्थितियों से गुजरेंगे वह उन परिस्थितियों से अधिक भयानक नहीं हो सकती हैं जो यीशु ने हमें स्वर्ग का अवसर देने के लिए सहन की थी, अर्थात् हम इस तथ्य से हिल कर दूर नहीं हो सकते हैं।

क्या पूरा देश अटॉर्नी जनरल के समक्ष चिल्ला-चिल्ला कर आपके प्रति अपनी नफरत प्रकट कर रहा है, "उसे क्रूस पर चढ़ाओ! उसे क्रूस पर चढ़ाओ! उसे क्रूस पर चढ़ाओ! उसे (महिला को) क्रूस पर चढ़ाओ! उसे (महिला को) क्रूस पर चढ़ाओ! उसे (महिला को) क्रूस पर चढ़ाओ!"?[7] और क्या वे अपनी बदबूदार साँसों के साथ आपके चेहरे पर थूक रहे हैं?[8] क्या उन्होंने अपने किसान वाले बड़े हाथों और मुक्के से आपके चेहरे पर चोट मारी है?[9] और हे मनुष्य, क्या कभी ईश्वर के वचन का उपदेश देने की वजह से किसी ने आपकी दाढ़ी को उखाड़ा है? क्या उन्होंने दो या तीन इंच लंबे काँटों के मुकुट से कभी आपके सिर को फोड़ा है,[10] अथवा क्या आपको इतनी बुरी तरह से पीटा है कि आप पहचान में न आते हो, जब लोग यह भी न बता सकते हों कि तुम एक मनुष्य हो?[11] क्या कभी किसी क्रूस पर आपके हाथों और पैरों में कील अथवा खूँटा गाड़ा गया है,[12] अथवा क्या किसी बेकार वस्तु से आपकी बगल में कुछ चुभाया गया है?[13] क्या आपका कभी मजाक उड़ाया गया है[14] और पृथ्वी का मैल लपेटकर क्रूस पर नंगा लटकाया गया है? और क्या ये सभी चीजें और कई अन्य बुराईयाँ पृथ्वी के मैल के लिए आपके साथ की गई थी, उन सभी पापियों द्वारा? यीशु ने सभी चीजें और इससे भी कहीं अधिक हमारे लिए सहन किया, और उन्होंने अपने पूरे जीवन में कभी भी एक बार भी पाप नहीं किया। ईश्वर का कार्य करने के लिए किसी ने भी कभी इस प्रकार की कठिनाइयाँ सहन नहीं की।

प्रभु सर्वव्यापी है।[15] अपनी पवित्र आत्मा (स्पिरिट) से वह हमेशा हर जगह रहता है। वह आपके दिल के प्रत्येक विचार और मंशा को जानता है।[16] आपने कभी भी जो कोई घिनौना पाप किया है वह उस समय वहाँ मौजूद था। आपने कभी भी यदि किसी गंदे, घिनौने विचार के बारे में सोचा था वह उन सब के बारे में जानता है, वह उन विचारों के बारे में भी जानते हैं जो आपने आज सोचे हैं, और जो आप दिन रात सोचते रहते हैं। यदि आपको लगता है कि आप न्याय के दिन भगवान को मूर्ख बना सकते हैं तो आप केवल स्वयं को मूर्ख बना रहे हैं। क्या आप आश्वस्त हैं कि आप जिस प्रकार अपना जीवन जी रहे हैं, आगे भी उसी प्रकार जीना चाहते हैं? याद रहे, एक न्याय का दिन होता है, उस दिन आपको स्वर्ग अथवा नरक में भेजा जाएगा। क्या इस दुनिया में कोई इतनी कीमती वस्तु है जिसके लिए आप अपनी आत्मा को बेच सकते हैं? क्या नशीली दवाइयाँ इतनी अधिक महत्वपूर्ण हैं कि - आप उनके लिए शाश्वत नरक में रहें? अथवा क्या अश्लील मूवी या टी.वी. में दो लोगों को एक दूसरे को एड्स देते देखना इतना महत्वपूर्ण है कि आप इसके लिए अपनी आत्मा को बेच दें? क्या धन, अथवा खेल, अथवा शराब, अथवा किसी भी प्रकार की आत्म-प्रशंसा इतनी महत्वपूर्ण है कि आप उनके लिए हमेशा नरक में रहें, और उसके बाद आग की झील में डाल दिए जाएँ? मुझे नहीं लगता ऐसा कुछ है! आप प्रभु के साथ – न कि शैतान के साथ - समझौता करके, बल्कि प्रभु के साथ समझौता करके आप अपनी आत्मा की रक्षा

(पृष्ठ 8 पर जारी)

**7** मत्ती 27:22-23, मरकुस 15:13-14, लूका 23:21, युहन्ना 19:6 **8** यशायाह 50:6, मत्ती 26:67-68, 27:30, मरकुस 14:65, 15:19 **9** मत्ती 26:67-68, 27:30, मरकुस 15:19, लूका 22:63-64, युहन्ना 19:3

**10** मत्ती 27:29, मरकुस 15:17, युहन्ना 19:2, 5 **11** यशायाह 52:14 **12** भजन संहिता 22:12-18, लूका 23:33, युहन्ना 20:25, कुलुस्सियों 2:14 **13** युहन्ना 19:34 **14** मत्ती 27:29, 31, मरकुस15:20, लूका 22:63, 23:11, 36 **15** 1 राजा 8:27, भजन संहिता 139:3-16, यिर्मयाह 23:23-24, आमोस 9:1-4, मत्ती 18:20, 28:20, प्रेरितों के काम 17:24-27, इफिसियों 1:23 **16** उत्पत्ति 6:5-6, 1 इतिहास 28:9, यशायाह 66:18, मत्ती 15:16-20, 1 कुरिन्थियों 3:18-21, इब्रानियों 4:12-13

## कैलिफोर्निया

प्रिय पास्टर टोनी,

आपकी बहुत याद आती है, मुझे इस बात से बहुत दुख होता है कि कुछ झूठे आरोपों की वजह से आप कैद में हैं। आप एक "अच्छे पादरी" हैं, मुझे यह बात अच्छी लगती है कि मैं 42 वर्षों से आपकी मिनिस्ट्री का हिस्सा हूँ।

टोनी, जब मैं एक छोटी बच्ची थी, तो मेरे पिता शराब के आदी थे। वो मेरी माँ को इतना पीटते थे कि माँ का शरीर सूज जाता और नीला पड़ जाता था। उन आवाजों और डर से मुझे आघात पहुँचता था। मेरी जिंदगी में यदि कुछ अच्छा घटित होता तो उस पर भी इन गालियों के बादल मँडराते रहते। मेरा मन कड़वाहट और नफरत से भरा था। मैंने अपने मन को कभी प्यार करना नहीं सिखाया। अब मैं ठीक हूँ।

जब मैं 14 वर्ष की थी, उस समय मेरे पिता द्वारा मेरी माता और मेरे साथ दुर्व्यवहार किए जाने और तंत्रिका में खराबी आने की वजह से अस्पताल में भर्ती कराई गई। लड़ाई इतनी जोरदार थी कि पुलिस बुलानी पड़ी। इसके बारे में लिखना और सोचना बहुत कठिन है, और इस समय भी मेरी आँखों से आँसू बह रहे हैं।

टोनी, यदि मैंने कभी आपको अथवा इस मिनिस्ट्री में किसी और व्यक्ति को दुर्व्यवहार करते हुए देखा होता, तो मेरा मन इसे स्वीकार न करता। मैं यहाँ नहीं रुकती। आप और सूसी के साक्ष्य ने मुझे मजबूत बनाए रखा है।

जब मैं एक युवा ईसाई लड़की थी, तो मैं अंतिम दिनों के बारे में धर्मग्रन्थ पढ़ रही थी और इससे मुझे वास्तव में बहुत अधिक कष्ट हो रहा था और मैंने इसके बारे में दिल से प्रार्थना की।

उस रात मैंने सपना देखा कि मैं जहाँ सो रही थी वहाँ सूसी बंक बेड के पास एक चारपाई पर बैठी थी। वो बेहद सुंदर लग रही थी। सूसी आगे झुकी और धीरे से मेरा नाम लिया और मुझे जगाया। मैं उठकर बैठ गई और सूसी आगे झुकी और कहा, "जिस तरह से मैं और टोनी ईश्वर का अनुसरण करते हैं उसी प्रकार तुम हमारा अनुसरण करो।" वह जो कुछ कह रही थी मैं उसे समझने का प्रयास कर रही थी। तब सूसी ने दोबारा कहा, "जिस तरह मैं और टोनी ईश्वर का अनुसरण करते हैं उसी प्रकार तुम हमारा अनुसरण करो।" इस बार मैं समझ गई। मैंने सूसी के सामने हाँ में सिर हिलाया। मैं जानती थी कि आप और सूसी मुझे अत्याचार के समय में सुरक्षित बाहर निकाल लेंगे और मैं शांत होकर सो गई।

जब मैं आपके लिखे साहित्य "वेल्दी" को पढ़ रही थी तो मुझे इस सपने की याद आई। रास्ते में आपने स्वयं को स्वर्ग में देखा, "बहुत मजबूत, अजेय और बहुत अधिक विश्वासी ।" मैं अब आपको वैसा ही देखती हूँ। स्वर्ग का एक सह-स्वामी और उसके साम्राज्य का उत्तराधिकारी।

पास्टर टोनी, जब मैं इस पत्र को लिख रही हूँ, तो आपका गाया एक गीत, "स्टैंड बाई मी" याद आ रहा है। "यू हू रूल विंड एण्ड वाटर, स्टैंड बाई मी।"

इस बात से मुझे बहुत अधिक राहत मिलती है कि ईश्वर नियंत्रण में है।

अभी के लिए अलविदा,

सिस्टर अन्ना कैनियन कंट्री, कैलिफोर्निया

# अश्वेत बच्चों की जन बली का आरोप लगाए जाने के बाद कैथोलिक जेसूइट सुपीरियर ने इस्तीफा दिया

जूडी बाइंगटन, 28 मई, 2014



पूर्व पोप रैटिंजर एक युवा यजमान को चूमते हुए

ब्रसेल्स के इंटरनेशनल कॉमन लॉ कोर्ट द्वारा कैथोलिक जेसूइट प्रमुख एडोल्फ पाँचोन को नाइन्थ सर्कल सैटनिक सक्रिफाइस सेरेमनीज से जोड़े जाने के बाद उन्होंने इस सप्ताह अपना इस्तीफा दे दिया है। इंटरनेशनल ट्राइब्यूनल इनटू क्राइम ऑफ़ चर्चेज एण्ड स्टेट के कल के बुलेटिन के अनुसार पिछले महीने पाँच जजों ने "अनेक प्रत्यक्षदर्शियों और वेटिकन आर्काइवल दस्तावेजों का परीक्षण किया जिनसे पान्चोन, पोप फ्रांसिस, पूर्व पोप रटिंजर और कैंटरबरी के आर्क बिशप जस्टिन वेल्बी को वर्ष 2010 में कर्मकाण्ड बलात्कार और बच्चों की हत्याओं से लिप्त पाया गया।" पिछले महीने आई.टी.सी.सी.एस. ने पाँच अंतर्राष्ट्रीय जजों और 27 ज्यूरी सदस्यों के सामने इस मामले में मुकदमा चलाना शुरू किया।

ब्रसेल्स के अभियोजक ने कहा, "पिछले सप्ताह मध्य पूर्व की यात्रा के दौरान पोप फ्रांसिस की अजीब टिप्पणी 'यौन दुर्व्यवहार सेटैनिक मास की तरह है' से पता चलता है कि उनकी चर्च में बच्चों के साथ बलात्कार सेटैनिक रस्मों से जुड़े हुए हैं जिनमें वे स्वयं भी भाग लेते हैं। हम पोप की टिप्पणी को अपराध स्वीकार करना मानते हैं और यह इस भयानक अपराध में उनके शामिल होने का एक और प्रमाण है।"

ब्लैक मास से संबंधित दिनांक 25 दिसंबर, 1967 का एक कैथोलिक जेशूइट ऑर्डर जिसे "मैजिस्टीरीयल प्रीविलेज" कहा जाता है, वेटिकन अभिलेखागार से कोर्ट को मुहैया कराया गया है। दस्तावेज में यह दर्शाया गया है कि प्रत्येक नए पोप को नवजात शिशुओं की बलि की नाइन्थ सेटैनिक ब्लैक मास में भाग लेना पड़ता था और बच्चों का खून पीना पड़ता था।

प्रमुख अभियोजक ने कोर्ट को बताया, "वेटिकन के दस्तावेज स्पष्ट दर्शाते हैं कि जेसूइट की अपहरण किए हुए नवजात शिशुओं की हत्या करने की रस्म अदा करने और उनका रक्तपान करने की सदियों से पूर्व नियोजित योजना थी। यह योजना निर्दोषों के रक्त से आध्यात्मिक शक्ति पाने की गलत अवधारणा पर आधारित थी ताकि रोम में पोप के पद की राजनैतिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। ये कृत्य न केवल नरसंहारक है बल्कि व्यवस्थित और संस्थानिक प्रकृति के हैं। रोमन कैथोलिक चर्च, जेशूइट और प्रत्येक पोप द्वारा ये कृत्य कम से कम वर्ष 1773 से किए जा रहे हैं।"

कैथोलिक सेटैनिक ब्लैक मास उत्पीड़न का शिकार हुए 51 वर्षीय अमेरिकी रूथ लियोपोल्ड ने कहा, "सेटैनिक ब्लैक मासेज के बारे में पोप की टिप्पणी परपीड़क असंवेदनशीलता का सबसे घटिया प्रकार है। मूर्ख भी जानते हैं कि 'सेटैनिक मास' जैसे शब्द का उल्लेख करने से भी सेटैनिक यंत्रणा का शिकार हुए लोगों को फिर से अभिघात पहुँचेगा। हो सकता है कि उनके ये शब्द जानबूझकर गढ़े गए हों, क्योंकि हम उन पर नाइन्थ सर्कल सेटैनिक बाल बलि हत्याओं में भाग लेने का आरोप लगा रहे हैं। उनके पद छोड़ने का यह सही समय है।"

लियोपोल्ड्ज अगेन्स्ट चर्च टेरर सर्वाइवर नेटवर्क ने ब्रुसेल्स कोर्ट में गवाहों का एक प्रतिनिधिमंडल पेश किया। नाइन्थ सर्कल सेटैनिक चाइल्ड सेक्रेफाइस कल्ट के वैश्विक प्रतिष्ठित लोगों पर 2014 में कोर्ट मुकदमा चला रहा था। बताया जाता है कि उन लोगों में पोप फ्रांसिस, पान्चोन और वेलबे शामिल थे। कम से कम आठ गवाहों ने गवाही दी कि या तो पोप फ्रांसिस, पूर्व पोप रैटिंजर अथवा पान्चोन शिशु बलि के समय उनके साथ मौजूद थे।

27 मई के आई.टी.सी.सी.एस. बुलेटिन ने घोषणा की कि कोर्ट को वेटिकन के स्रोतों से नए प्रमाण मिले हैं जिनसे विवरण मिलता है कि पोप फ्रांसिस नाइन्थ सर्कल क्रियाकलापों को छिपाने की कोशिश कर रहे थे और "गुप्त तरीके से कोर्ट की कार्यवाही को बाधित करने का प्रयास किया।"

पान्चोन ने अपना पद छोड़ दिया, जबकि पोप फ्रांसिस ने होली लैंड की अपनी हाल की यात्रा के दौरान रिपोर्टरों को बताया कि वे पूर्व पोप रैटिंजर की तरह सेवानिवृत्त हो सकते हैं। ब्रेसल्स कोर्ट ने 15 फरवरी, 2013 को रैटिंजर को मानवता के विरुद्ध अपराध करने का दोषी पाया था। उन्होंने कुछ दिन बाद 28 फरवरी को त्यागपत्र दे दिया। उस समय 2013 के कोर्ट में जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए थे वे केविन एन्नेट के "हिडन नो लॉन्गर" में देखे जा सकते हैं जो hiddennolonger.com पर नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

गवाहों ने डच कैथोलिक कार्डिनल एल्फ्रेंक और नीदरलैंड के राजकुमार बेर्नहार्ड; महारानी एलिजाबेथ, राजकुमार फिलिप, डच महारानी विल्हेमिना, उनके परिवार और पति राजा हेनड्रिक सहित ब्रिटिश, डच और बेल्जियम के शाही परिवार; पोप फ्रांसिस, पूर्व पोप रैटिंजर, कैंटरबरी के आर्कबिशप जस्टिन वेल्बे, जज फुलफोर्ड सहित ब्रिटिश हाई कोर्ट के दो जजों, एक कैनेडियाई कैथोलिक बिशप और बेल्जियम और इंगलैंड के वरीष्ठ सरकारी मंत्रियों को नाइन्थ सर्कल सेटैनिक चाइल्ड सेक्रेफाइस कल्ट का सदस्य बताया।

पिछले सप्ताह कोर्ट को यह जानकारी प्राप्त होने के बाद कि नाइन्थ सर्कल चाइल्ड सेक्रेफाइस कल्ट 15 अगस्त 2014 को मॉन्टेरियल, कनाडा में मैरी-रीने-ड्यू-मोंडे रोमन कैथोलिक कैथेड्रल के नीचे भूमिगत तहखाने में बच्चों की बलि देने जा रहा है, कोर्ट की कार्यवाही कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दी गई थी। गवाहों ने यह भी बताया कि जब वे बच्चे थे तो उन्हें वेल्स में कनर्वा कैसल के कब्रगाह में, कैनेडियन ब्रैनटन ओन्टेरियो मोहवक इन्डियन स्कूल की वेस्ट विंग के नीचे तहखाने में और फ्रांस, हॉलैंड और अमेरिका के जंगलों में बाल बलि देखने के लिए मजबूर किया गया था।

कुछ लोग हाल ही में इस ग्लोबल इलिट नाइन्थ सेटैनिक सर्कल चाइल्ड सेक्रैफाइस के शिकार हुए। जमैका और ब्रिटिश सैनिक विवियन कनिंघम को दस मूलनिवासी बच्चों के अपहरण के आरोप में महारानी एलिजाबेथ का गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने संबंधी प्रश्न पूछने के चलते स्टेफोर्ड इंग्लैंड में सेंट जॉर्ज अस्पताल (फोन 44 01785 257888) में नशीली दवाएँ देकर भर्ती रखा गया था। ब्रिटिश नागरिक डेविड कॉम्पैन और उसकी पत्नी को एक कैथोलिक

चर्च में महारानी एलिजाबेथ का गिरफ्तारी वारंट चिपकाने पर लंदन पार्क रॉयल मेंटल हैल्थ सेंटर में फँसाया गया, नशीली दवाएँ दी गई, गिरफ्तार किया गया और बंदी बनाकर रखा गया। कॉम्पैन की गिरफ्तारी और छोड़ा जाना इस वीडियो में दिखाया गया है:

https://www.youtube.com/watch?v=asxvy4SxK4s

पिछले अक्टूबर में स्टीव फिने ने किचनर, ओंटारियो, कनाडा में गायब हुए 50,000 मूलनिवासी बच्चों के मामले में 2013 नाइन्थ सर्कल सेटैनिक कल्ट को बेनकाब करने का प्रयास किया, जिनमें महारानी एलिजाबेथ पर भी अपहरण के आरोप/सजा शामिल थी। फिने को गिरफ्तार किया गया और बिना आरोपों के तीन दिन तक जेल में रखा गया। आई.टी.सी.सी.एस. द्वारा दुनियाभर में किए गए विरोध फिने और कॉम्पैन की रिहाई में मददगार साबित हुए।

पूर्व कैमलूप्स स्कूल निवासी विलियम कॉम्बेज और अन्य लोग इतने भाग्यशाली नहीं थे। कैनेडियन निवासी को इंजेक्शन दे कर कोमा में भेजा गया और उसके बाद वह 2010 में एक रेडियो इंटरव्यू देने के बाद मर गया, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने महारानी एलिजाबेथ और राजकुमार फिलिप को उनके दस दोस्तों ओर कैमलूप्स के साथी निवासियों के साथ स्कूल से बाहर जाते देखा था। चीफ लुई डेनियल, हेरिएट नाहाने, जॉनी बिंगो डासन और रिकी लैविले भी गायब हुए 50,000 मूलनिवासी बच्चों के संबंध में 2013 इंटरनेशनल मुकदमें की उनकी निर्धारित गवाही से पहले रहस्यमय कारणों से मारे गए।

नाइन्थ सर्कल सेटैनिक चाइल्ड सेक्रेफाइस कल्ट की गतिविधियों पर आई.सी.एल.सी.जे. कोर्ट प्रोसीक्यूटर के ऑफिस से आगामी पब्लिक इन्फोर्मेशन बुलेटिन में और अधिक जानकारी दी जानी है। सामने आ रहे गवाहों की संख्या और अब तक कोर्ट को सौंपे एल्बम गए साक्ष्यों की वजह से इस मुकदमें को पूरा होने में एक वर्ष से अधिक का समय लगने की संभावना है। ब्रुसेल्स के इंटरनेशनल कोर्ट के अधिकारियों से संपर्क करने के लिए ईमेल अथवा कॉल करें:

Hiddenfromhistory1@gmail.com, info@iclcj.com, admin@iclcj.com, 250-591-4573, 386-323-5774

http://childabuserecovery.com/catholic-jesuit-superior-resigns-after-charged-with-black-mass-child-sacrifices/#.U4Y9gyimU1 J

## भारत

क्राइस्ट में मेरे प्रिय बंधु,

यीशु के नाम पर आप सभी को नमस्कार। मैं आप और आपकी मिनिस्ट्री के लिए ईश्वर की प्रशंसा करता हूँ। बाइबल संबंधी साहित्य भेजने के लिए आपका धन्यवाद। साहित्य के वितरण के बाद हमें सभी पाठकों की ओर से प्रतिक्रियाएँ मिल रही हैं। मैं सचमुच हैरान हो गया और मुझे एक आश्चर्यजनक बदलाव दिखाई दे रहा है।

सभी पाठक साहित्य की माँग करने मेरे पास आ रहे हैं। हमारी पिछली पूजा बैठक में कई लोगों ने यीशु को अपना जीवन समर्पित किया। कई लोगों ने आपके और ईश्वर की भलाई के बारे में अपने साक्ष्य दिए।

मैं बहुत खुश हूँ कि आपका अभिषिक्त साहित्य पढ़कर कुछ हिन्दू लोग भी हमारे साथ जुड़े हैं। वे लोग हिन्दू समुदाय से आ रहे हैं।

कृपया यीशु को अपना जीवन समर्पित करने वाले नए लोगों के लिए मुझे कुछ तेलगू साहित्य और तेलगू बाइबल भेजें। कृपया इस आदिवासी क्षेत्र में मेरे कार्य और अनाथ बच्चों की सेवा के लिए प्रार्थना करें। कृपया हमारे लिए प्रार्थना करें। हम सभी अपनी विश्वव्यापी महान मिनिस्ट्री के लिए प्रार्थना करते हैं। ईश्वर कई खोई हुई आत्मा ओं को बचाने के लिए आपके माध्यम से दुनिया में महानतम कार्य कर रहे हैं। हमारे प्रभु ईश्वर आपको शक्ति दें और आपके कार्य के लिए आपको बहुत अधिक आशीष प्रदान करें। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

उनकी सेवा में आपका समर्पित सहयोगी,

कट्टिला राव

उंदराजावाराम मंडल, आंध्र प्रदेश, भारत

## नाइजीरिया

प्रिय पास्टर अलेमो और साथियों,

हमारे जल्द ही आ रहे राजा, हमारे प्रभु यीशु मसीह, के नाम पर आपको कैलवरी बधाई। मैं पहले ठेठ मुसलमान था, लोगों को इस्लाम धर्म की ओर आकर्षित करता था। ईश्वर के कुछ बंदों ने इगोदान लीसा शहर में आयोजित अपने एक क्रूसैड में, जिसमें मैंने भाग लिया था, मुझे आपके कुछ न्यूज़लेटर दिए। आपका साहित्य पढ़कर मैं प्रभावित हुआ और मैंने यीशु मसीह को अपना प्रभु और व्यक्तिगत रक्षक स्वीकार कर लिया।

मैं अब क्रिश्चियन बाइबल फैलोशिप का सदस्य हूँ और मैंने अपने कुछ मुस्लिम दोस्तों के साथ मिलकर, जिन स्कूलों में बाइबल क्लब नहीं है उनके साथ जीवित ईश्वर के वचनों को साझा करना शुरू कर दिया है। उन इस्लामी स्कूलों में से छह स्कूलों के शिक्षक बाइबल क्लब बनाने के लिए आगे आए हैं। हमने सात विश्वसनीय लोगों की टीम बनाई है जो अन्य स्कूलों में जाकर यीशु मसीह और मोक्ष के बारे में प्रवचन देगी और उन स्कूलों में बाइबल क्लब बनाने का प्रयास करेगी। अफ्रीका में हम अधिकतर लोग गरीब हैं। इसलिए हम आपसे यह कार्य और आगे बढ़ाने के लिए कुछ सामग्री भेजने का आग्रह करते हैं, विशेषरूप से बाइबल और आपका चयनित साहित्य जिसे जरूरतमंद लोगों में बाँटा जा सके। मैं प्रार्थना करता हूँ कि वह आपको हमें हर संभव चीज भेजने का आशीर्वाद दें जिससे हमें सुसमाचार का प्रवचन देने और मसीह की खोई हुई आत्मा ओं को जीतने में मदद मिल सके। कृपया क्लब के नेताओं के लिए कम से कम सोलह बाइबल भेजें और जितना हो सके उतना साहित्य भेजें।

ईश्वर आप और आपकी मिनिस्ट्री को आशीर्वाद दें। कृपया अपनी वितरण डाक सूची में हमारा नाम शामिल करें और हमें बाइबल और साहित्य से भरे दो बड़े बॉक्स यथाशीघ्र भेजने की कृपा करें। मैं आपके उत्तर की प्रतीक्षा कर रहा हूँ। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

क्रिश्चियन प्यार के साथ,

जोसफ एकिन — ओंडो स्टेट, नाइजीरिया



## पूरे ब्रह्माण्ड मे सबसे शक्तिशाली स्थिति

(पृष्ठ 5 से जारी)
के लिए कोई अंतिम निर्णय क्यों नहीं लेते। उन्हें अपनी आत्मा में प्रवेश करने दें और आप उनमें प्रवेश कर जाओ। यदि आप यह देख सकते कि इसे करने का शाश्वत पुरस्कार क्या है, तो स्वर्ग में प्रवेश करने के लिए, आप जो सहन कर रहे हैं उसके प्रति न बड़बड़ाते न शिकायत करते। एक मिनट भी इंतजार न करें। यह प्रार्थना करो और हमेशा के लिए भाग्यवान हो जाओ:

**मेरे मालिक और मेरे ईश्वर मेरी पापी आत्मा पर दया करो।[17] मैं मानता हूँ कि यीशु जीवित ईश्वर के पुत्र हैं।[18] मैं मानता हूँ कि वे क्रॉस पर मारे गए और उन्होंने अपना बहुमूल्य रक्त मुझे मेरे पिछले सभी पापों से क्षमा करने के लिए बहाया है।[19] मैं मानता हूँ कि ईश्वर ने यीशु को पवित्र आत्मा की शक्ति से जीवित किया है।[20] मेरे पापों की स्वीकारोक्ति को सुनने और इस प्रार्थना को सुनने के लिए वे ईश्वर के दाईं ओर बैठे हैं।[21] हे प्रभु यीशु, मैं अपने दिल के दरवाज़े खोलता हूँ और आपको अपने दिल में आमंत्रित करता हूँ।[22] कैलवरी में क्रॉस पर आपने मेरी जगह जो बहुमूल्य खून बहाया था उससे मेरे सभी कुत्सित पापों को धो दो।[23] प्रभु यीशु, आप मुझे इनकार नहीं कर सकते; आप मेरे पापों के लिए मुझे माफ़ कर देंगे और मेरी आत्मा की रक्षा करेंगे। मुझे मालूम है क्योंकि आपके वचन अर्थात् बाइबल में ऐसा कहा गया है।[24] आपके वचन कहते हैं कि आप किसी को मना नहीं करेंगे, उनमें मैं भी शामिल हूँ।[25] इसलिए, मैं जानता हूँ कि आपने मेरी बात सुन ली है, मैं यह भी जानता हूँ कि आपने मुझे जवाब भी दिया है और मुझे यह भी मालूम है कि मुझे बचा लिया गया है।[26] मेरी आत्मा की रक्षा करने के लिए प्रभु यीशु मैं आपका धन्यवाद करता हूँ, और मैं आपके आदेशानुसार तथा आगे से कोई पाप न करके आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करूँगा।[27]**

---

मोक्ष के बाद, यीशु ने बपतिस्मा होने, पिता और पुत्र, और पवित्र आत्मा के नाम पर पूरी तरह से पानी में गोता लगाने को कहा[28] बाइबल सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया द्वारा प्रकाशित (अंग्रेजी – किंग जेम्स संस्करण) बाइबल के किंग जेम्स संस्करण (10W 0055/2004/17M PL) का अध्ययन करें, और अपने मृत्यु के दिन तक वही करें जो कुछ बाइबल में कहा गया है।[29]

यीशु और पिता ईश्वर अब पवित्र आत्मा के माध्यम से आप में निवास करते हैं। एक तरीका है जिससे आप अपने अंदर ईश्वरीय प्रकृति का पूरा हिस्सा पा सकते हैं। ईश्वरीय प्रकृति जितनी अधिक आपके अंदर होगी, आप उन प्रलोभनों के विरुद्ध उतना ही अधिक मज़बूती से खड़े हो सकेंगे, जिनकी वजह से कई लाख ईसाई मोक्ष से विमुख हो गए। पवित्र आत्मा में बपतिस्मा के लिए प्रार्थना करें। पवित्र आत्मा में बपतिस्मा पाने के निर्देश प्राप्त करने के लिए और ईश्वर की और अधिक पवित्र प्रकृति प्राप्त करने के लिए, हमारा साहित्य मँगाएँ अथवा फोन करें। बिना पवित्रता के, कोई भी व्यक्ति ईश्वर को नहीं देख सकता (इब्रानियों 12:14)।

प्रभु चाहते हैं कि आप अन्य लोगों को मोक्ष के बारे में बताएँ। आप पास्टर टोनी अलामो के साहित्य के वितरक बन सकते हैं। हम आपको साहित्य नि:शुल्क भेजेंगे। अधिक जानकारी के लिए हमें फोन करें अथवा ईमेल करें। इस संदेश को अन्य लोगों के साथ साझा करें।

यदि आप यीशु की आज्ञाओं के अनुसार दुनिया को बचाना चाहते हैं, तो ईश्वर को अपना दशमांश और प्रसाद अर्पित करें। ईश्वर ने कहा, "क्या [तुम] ईश्वर को लूटोगे? फिर भी तुमने मुझे लूटा है। लेकिन तुम कहते हो हमने आपको कब लूटा? क्या दशमांश और प्रसाद में? तुम एक अभिशाप से अभिशप्त हो: क्योंकि तुमने मुझे लूटा है, यहाँ तक कि इस पूरे राष्ट्र [और इस पूरी दुनिया] को लूटा है। तुम अपना सभी दशमांश [एक 'दशमांश' का अर्थ है आपकी सकल आय का 10%] स्टोरहाउस में लेकर आओ, मेरे घर में मांस [आध्यात्मिक आहार] हो सकता है [रक्षित आत्माएँ], और मेज़बानों के लार्ड कहते हैं कि अभी सिद्ध करो, यदि मैं तुम्हारे लिए स्वर्ग की खिड़की न खोल दूँ और तुम पर अपना इतना आशीर्वाद न बरसा दूँ कि तुम्हारे पास इसे धारण करने का स्थान भी न हो। मेज़बानों के लॉर्ड कहते हैं कि मैं तुम्हारी भलाई के लिए भक्षक को फटकार लगा दूँगा, और वह तुम्हारी ज़मीन के फलों को नष्ट नहीं करेगा; न ही तुम्हारी बेल पर समय से पहले फल लगेंगे। मेज़बानों के प्रभु कहते हैं कि सभी राष्ट्र तुम्हें धन्य कहेंगे: क्योंकि तुम्हारी ज़मीन खुशहाल होगी" (मलाकी 3:8-12)।

---

**17** भजन संहिता 51:5, रोमियों 3:10-12, 23 **18** मत्ती 26:63-64, 27:54, लूका 1:30-33, युहन्ना 9:35-37, रोमियों 1:3-4 **19** प्रेरितों के काम 4:12, 20:28, रोमियों 3:25, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 5:9 **20** भजन संहिता 16:9-10, मत्ती 28:5-7, मरकुस16:9, 12, 14, युहन्ना 2:19, 21, 10:17-18, 11:25, प्रेरितों के काम 2:24, 3:15, रोमियों 8:11, 1 कुरिन्थियों 15:3-7 **21** लूका 22:69, प्रेरितों के काम 2:25-36, इब्रानियों 10:12-13 **22** 1 कुरिन्थियों 3:16, प्रकाशितवाक्य 3:20 **23** इफिसियों2:13-22, इब्रानियों 9:22, 13:12, 20-21, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 1:5, 7:14 **24** मत्ती 26:28, प्रेरितों के काम 2:21, 4:12, इफिसियों1:7, कुलुस्सियों 1:14 **25** मत्ती 21:22, युहन्ना 6:35, 37-40, रोमियों 10:13 **26** इब्रानियों 11:6 **27** युहन्ना 5:14, 8:11, रोमियों 6:4, 1 कुरिन्थियों 15:10, प्रकाशितवाक्य 7:14, 22:14 **28** मत्ती 28:18-20, युहन्ना 3:5, प्रेरितों के काम 2:38, 19:3-5 **29** व्यवस्थाविवरण 4:29, 13:4, 26:16, यहोशू 1:8, 22:5, 2 तीमुथियुस 2:15, 3:14-17, याकूब 1:22-25, प्रकाशितवाक्य 3:18

*अधिक जानकारी के लिए अथवा रूचि के विषय के अन्य साहित्य के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।*

Tony Alamo, World Pastor, Tony Alamo Christian Ministries Worldwide • P.O. Box 2948, Hollywood, CA 90078
चौबीस घंटे की प्रार्थना और सूचना की लाइनः +1 (661) 252-5686 • Fax +1 (661) 252-4362
www.alamoministries.com • taoffice@alamoministries.com

*टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्डवाइड उन सभी के लिए जो अपने संपूर्ण हृदय, आत्मा , मन और शक्ति के साथ प्रभु की सेवा करना चाहते हैं अपने अमेरिकी स्थानों पर एक ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहाँ जीने के लिए सभी आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध हैं।*

**प्रतिदिन सायं 8 बजे और रविवार दोपहर 3 बजे एवं सायं 8 बजे इन स्थानों पर सेवाएँ होती हैं: Angeles area Church: 13136 Sierra Hwy., Santa Clarita, CA 91390, +1 (661) 251-9424**

**प्रतिदिन सायं 6:30 बजे और रविवार दोपहर 1:30 बजे तथा सायं 6:30 बजे Hollywood Blvd. & Highland Ave., Hollywood, CA से आने-जाने की नि:शुल्क यातायात सेवा मुहैया कराई जाती है। न्यू यार्क सिटी में प्रत्येक मंगलवार सायं 8 बजे और अन्य स्थानों पर सेवाएँ रात को होती हैं। सूचना के लिए कृपया +1 (908) 937-5723 पर कॉल करें। प्रत्येक सेवा के बाद भोजन परोसा जाता है।**

पास्टर अलामो की पुस्तक, दी मसीहा, माँगें जिसमें क्राइस्ट को ओल्ड टेस्टामेंट से 333 से अधिक भविष्यवाणियों में प्रकट किया गया है।

*पास्टर अलामो के साहित्य के वितरक बनकर आत्माओं की खेती में एक श्रमिक का काम करें।*

*हमारे साहित्य और ऑडियो संदेश शिपिंग शुल्क सहित निःशुल्क हैं।*

**इनके लिए आपसे शुल्क माँगे जाने पर कृपया (661) 252-5686 (कलेक्ट) पर फोन करें।**

**इस साहित्य में मोक्ष की असली जानकारी दी गई है (एक्ट्स सी 4:12)।**

**इसे फेंके नहीं, इसे किसी और को दे दें।**

**आप में से जो अन्य देशों में रहते हैं, हम उनसे इस साहित्य को उनकी भाषा में अनुवादित करने का अनुरोध करते हैं। यदि आप इसका पुन:मुद्रण करते हैं तो कृपया निम्नलिखित कॉपीराइट और पंजीकरण शामिल करें:**

© कॉपीराइट जून 2014, 2015 सर्वाधिकार सुरक्षित वर्ल्ड पास्टर टोनी अलामो ® पंजीकृत जून 2014, 2015

HINDI—VOLUME 19700—THE MOST POWERFUL POSITION IN THE WHOLE UNIVERSE